# शातिर चेन स्नैचर को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया

## नाम बदलकर फैक्ट्री में काम कर रहा था आरोपी, पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा थाना पुलिस टीम ने शातिर चेन स्नैचर को इंदौर से गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शातिर चेन स्नैचर कैलाश साल्वी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक वृत चतुर्थ मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मध्यप्रदेश व राजस्थान के कई ठिकानों पर दबिश दी। शहर एसपी ने बताया की शतिर चेन स्नैचर कैलाश साल्वी की लोकेशन इंदौर होने का पता चलने पर अनंतपुरा थाने से टीम को आरोपी की तलाश के लिये इंदौर के लिए रवाना किया गया। इंदौर में पता करने पर पुलिस को आरोपी के बारे में पता चला कि आरोपी कैलाश साल्वी नाम बदलकर विशाल नाम से एक फैक्ट्री मे काम कर रहा है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने रात्रि में फैक्ट्री पर दबिश दी तो पुलिस को

■ **पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मध्यप्रदेश व राजस्थान के कई ठिकानों पर दबिश दी**

देखकर आरोपी ने फैक्ट्री की दीवार को फांद कर भागने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी दीवार की ऊंचाई से नीचे गिर गया, जिससे उसके हाथ में चोट भी आई है।

शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने प्राथमिक उपचार कराकर आरोपी बोम्बे योजना आरके पुरम हाल कोली मौहल्ला मनोहर थाना जिला झालावाड़ निवासी कैलाश साल्वी (23) को इंदौर से गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अनंतपुरा, दादाबाड़ी, आरके पुरम व महावीर नगर थानों में चेन स्नैचिंग की वारदातों को करना स्वीकारा है। आरोपी ने महावीर थाना क्षेत्र में की गई चैन स्नैचिंग की वारदात में अपने साथी आशीष के साथ वारदात करना स्वीकार किया है एवं अन्य थाना क्षेत्रों स्वयं ही वारदात की है। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं चुराई हुई चेनों की बरामदगी के लिये अनुसंधान किया जा रहा है।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपी महिला को सोने की चेन पहने हुए पैदल जाते हुए देखता तो महिला के पीछे लग जाता था और मौका लगते ही झपट्टा मारकर चेन छीनकर फरार हो जाता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वारदात करने के बाद वह कोटा छोड़कर झालावाड के रास्ते मध्यप्रदेश के तरफ निकल जाता था। आरोपी ने पूछताछ में पिछले दो-तीन माह में थाना अनंतपुरा सुभाष नगर में एक, थाना दादाबाड़ी गोदावारी धाम के पास एक, आरकेपुरम क्षेत्र में एक और महावीर नगर थाना क्षेत्र में एक चेन स्नैचिंग की वारदात करना स्वीकार किया है।



अनंतपुरा थाना पुलिस टीम ने शातिर चेन स्नैचर को गिरफ्तार किया।

# बंद मकान के ताले टूटे, छह लाख से अधिक की चोरी



चोरी की वारदात के बाद मकान में सामान बिखरा पड़ा है।

**राजलदेसर, (निसं)।** राजलदेसर के वार्ड नंबर नौ दस्सुसरसर रोड के पास स्थित दीपक सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी के बंद पड़े मकान के चोरों ने ताले तोड़कर लाखों का सामान पार कर लिया। दीपक सोनी ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे माता-पिता 4 जनवरी से ही कलकत्ता गए हुए थे। मेरी पत्नी मेरी बहिन छह जनवरी को घर के चारों तरफ से ताला लगाकर मेरी पत्नी की डिलीवरी करवाने के लिए सुजानगढ़ चले गये थे, जिसके बाद वापस सुजानगढ़ से राजलदेसर घर पहुंचा तो देखा कि घर के बाहर लगा ताला टूटा हुआ था। अन्दर जाकर देखा तो सब ताल टूटे हुए मिले व कमरे में सामान बिखरा हुआ था एवं कमरे में बनी अलमारियों के ताले भी टूटे हुए मिले।

सारा सामान बाहर बिखरा हुआ था और जब मैने देखा कि अलमारी में रखे कीमती सामान जिसमें हीरे का मंगलसूत्र एक, चांदी का प्याला व कटोरी पायजेब चार जोड़ी, 1 नथ, 4 सोने की अंगूठी, 1 लाख 20 हज़ार नगदी, चांदी के सिक्के 60 एवं नगीना जेवरात वहां पर नहीं थे जो चोरी हो गए। पुलिस में मामला दर्ज कर जल्द से जल्द चोरों को पड़कर सामान बरामद करने की बात कही।

# दुकान से 11 किलो चांदी और सोने के जेवर चोरी

## पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरु की

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में स्वर्ग रोड पर चावंडपाडी मोड़ स्थित खुशी ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोर करीब 16 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पार कर ले गए। दुकान के मालिक हरिओम सोनी ने बताया कि पड़ोसी ने बुधवार सुबह सूचना दी कि दुकान के ताले टूटे हुए हैं। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सुबह करीब आठ बजे बाद दुकान के अंदर देखा तो करीब 40 ग्राम सोना सहित 11 किलो चांदी चोरी हो गई थी।

कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उप निरीक्षक रघुवीर ने बताया कि चोरी रात करीब डेढ़ बजे के आसपास हुई है। अभी दुकान मालिक से चोरी हुए माल का अनुमान लगाने में लगे हैं। इसके साथ अज्ञात चोरों की तलाश भी शुरू कर दी है। दुकान मालिक ने बताया कि सुबह सात बजे दुकान के ताले टूटे होने का पता चला था। दुकान के ताले टूटे मिले हैं। बाद में पुलिस के आने पर शटर को खोला गया। करीब साढ़े 11 किलो चांदी व 40 ग्राम सोना चोरी हो गया।

## टोकने पर महिला को चाकू मारा

**डूंगरपुर, (निसं)।** आपस में झगड़ा कर रहे युवकों को टोकना एक महिला को भारी पड़ गया। दोनों युवकों में से एक युवक ने महिला के पेट में चाकू मार दिया। महिला को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के पातेला अंबेडकर कॉलोनी गत रात को चाकूबाजी की घटना हुई। कॉलोनी निवासी श्यामा पत्नी शंकर फूमतियां रात को घर से मोहल्ले में स्थित दुकान पर दूध लेने के लिए गई थी। इस दौरान दो युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे, जिस पर श्यामा फुमतियां ने दोनों युवकों को टोका तो एक युवक ने जेब में रखे चाकू से महिला के पेट पर हमला कर दिया। चाकू के हमले से महिला लहूलुहान होकर गिर पड़ी।

# आश्रम की तारबंदी हटाने की कोशिश, मामला दर्ज

**सादुलपुर, (निसं)।** घणाऊ गांव में बाबाजी के आश्रम पर कब्जा करने की मंशा व द्वेश भावना से हो रही पार्टीबाजी होने के आरोप लगाकर ग्रामीणों नेतहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि घणाऊ गांव में एक सत्संग आश्रम करीबन तीन साल से बना हुआ है। आश्रम हमेशा से ही ग्राम वासियों के लिए प्रचार-प्रसार व लोगों की सेवा, गायों की सेवा करता रहता है। आश्रम में आश्रम की स्थापना के समय अन्य जगहों से सहायता राशि लेकर आश्रम का निर्माण किया गया। सभी ग्रामवासियों ने आश्रम में साधु व संत समाज ने महन्त शिवराम दास नागा को चादर विधि से सर्व सहमति से नियुक्त किया। वर्तमान में आश्रम को बाबाजी संभालते हैं व लोगों व गायों की सेवा करते हैं। ग्रामवासियों ने सम्मान से महंत शिव रामदास को नियुक्त किया था। महन्त शिवराम दास नागा पूरी लगन व निष्ठा से गायों की सेवा करता है तथा देखभाल करता है, जो लगातार 3 वर्षो से चला आ रहा है। आरोप है कि अब गांव में पार्टीबाजी को लेकर आश्रम व गौशाला को अपनी निजी समिति व निजी ट्रस्ट ने सरकारी शिवायचक व गोचर भूमि को हड़पना चाहते हैं। इसलिए गांव में विवाद हो रहा है। गांव के कुछ लोगों ने षड्यंत्र करके गौशाला की व्यवस्था में बाधा पैदा करने के लिए झूठी अतिक्रमण व कब्जा करने की शिकायतें तहसीलदार के समक्ष की है।

ग्रामीणों ने बताया कि महन्त शिवराम दास नागा व उनके चेलों के द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया है। आरोप है कि गांव के चंद लोग अपना कब्जा जमाने के लिए झूठी शिकायतें कर रहे हैं। लोगों के द्वारा जान बूझकर आश्रम की तारबंदी व बाड़ हटाने की कोशिश की गई तथा रात को एक बजे पत्थर फेंके गये हैं और जबरन कमरों पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। चंद लोगों के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए जबरन गांव की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है तथा आश्रम एवं गौशाला के संचालन में बाधा पैदा की जा रही है।

## चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** खेतों से पानी को मोटरें चोरी करने की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 3 जनवरी को पीड़ित वाला पुत्र दल्ला निवासी मुगारेल थाना कुराबड़ व लालुराम पुत्र बाबरू निवासी गोवला डबोक ने कुराबड़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि रात में कुएं पर लगी पानी की मोटरें अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने आसूचना के आधार पनर कैलाश उर्फ कालु पुत्र सोहन निवासी शिशवी मबेलिया फला कुराबड़ तथा नानालाल पुत्र लिम्बा निवासी चौड़ा थाना खैरोदा को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया है।

# नहर में गिरा बालक, मौत

**भीलवाड़ा।** जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित उम्मेद सागर की नहर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेलने के दौरान छह वर्षीय बालक नहर में गिर गया, जिसकी डूबने से मौत हो गई।

शाहपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि शाहपुरा कस्बे के रामपुरा आबादी क्षेत्र से सिंचाई के लिए उम्मेदसागर बांध की नहर गुजरती है। बुधवार सुबह छह

■ **बालक के माता-पिता नहीं थे, अपने ननिहाल में रहता था**

साल का मासूम विकास पिता निर्मल कहार नहर के किनारे खेलते समय अचानक नहर में जा गिरा। नहर का तेज बहाव होने के कारण बालक नहर में बह गया, स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव नहर से निकाला जा सका। हादसे के बाद शाहपुरा नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और मदद का भरोसा दिलाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। बताया जा रहा है कि बालक के माता-पिता नहीं थे, वो अपने ननिहाल में ही रहता था।

# खेत में खड़ी गेहूं की फसल नष्ट कर जमीन हड़पने की कोशिश

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास बड़ा निवासी एक व्यक्ति अपने ही परिवार के एक व्यक्ति के खिलाफ अपने हिस्से में आई जमीन पर बुआई की गई गेहूं की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करने तथा उसके हिस्से की भूमि को हड़पने की कोशिश करने के आरोप का मामला हमीरवास थाने में दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि उमराव सिंह पुत्र हीराराम कुम्हार निवासी हमीरवास बड़ा तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि ग्राम हमीरवास बड़ा की रोही में उनकी संयुक्त खातेदारी की कृषि भूमि है, जिसका भाई-बंटवारा हो रखा है तथा उनके भाई-बंटवारे में अपने हिस्से में आई जमीन पर कब्जाशुदा है व अपने हिस्से की जमीन पर काश्त करते आ रहे हैं। आरोप है कि अब विपिन पुत्र श्योपाल कुम्हार निवासी हमीरवास बड़ा उनके हिस्से की जमीन को हड़पना चाहते हैं, जिस कारण उसका उनके साथ विवाद चल रहा है। उसने अपने हिस्से के खसरा नंबर 514 में गेहूं की फसल की बुआई कर रखी है। एक जनवरी को विपिन पुत्र श्योपाल कुम्हार निवासी हमीरवास बड़ा ने उसके खेत में घूस कर गेंहू की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर फसल नष्ट कर दी। परिवार का मामला होने के कारण अभी तक परिवार एवं गांव के मौजिज लोगों ने भाई पंचायत में राजीनामा करवाने की कोशिश की, जिस कारण पुलिस थाना पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई थी।

## युवक का शव मिला

**डूंगरपुर, (निसं)।** सड़क किनारे एक युवक का लहूलुहान शव मिलने से डूंगरपुर के चितरी थाना क्षेत्र के किशनपुरा गांव के पास सनसनी फैल गई। युवक मंगलवार रात को अपने घर से निकला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चितरी थानाधिकारी ने बताया कि निलेश ताबियाड ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता फकीरा ताबियाड मंगलवार रात को खाना खाकर घर से निकले थे, जो कि वापस नहीं आए। वहीं बुधवार सुबह उनका शव किशनपुरा दिवडा रोड पर टावर के पास सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। उनके सिर और शरीर पर चोंट के निशान थे। उनके पास उनका पर्स, मोबाइल और जूते भी नहीं थे। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# कार की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर शिशोद गांव के पास सड़क किनारे खड़े युवक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत के बाद उसके पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

बिछीवाड़ा थाने के हैड कांनि. ने बताया कि शिशोद गांव निवासी प्रकाश परमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका बेटा संजय परमार पैदल-पैदल पाल पादर गांव जाने के लिए निकले थे। एनएच-48 पर शिशोद गांव के पास गाड़ी का इन्तजार कर रहे थे।

इस दौरान एक तेज रफ्तार कार आई और सड़क किनारे खड़े संजय को टक्कर मारकर फरार हो गई। हादसे में हाथ, पैर व सिर पर चोट लगने से संजय गंभीर घायल हो गया, जिसको लेकर बिछीवाड़ा अस्पताल पहुंचे, जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया, लेकिन वहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने पुनावाडा-ढूंढरिया रोड पर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से आठ कार्टन शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही है। आरोपी शराब को गुजरात तस्करी की फिराक में था।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि मुखबिर के जरिये अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस की ओर से पुनावाडा-ढूंढरिया मार्ग पर नाकाबंदी शुरू की गई। गाड़ियों की तलाशी के दौरान एक गुजरात नम्बर की कार को रुकवाया गया। ड्राइवर से पूछताछ की तो वह घबरा गया। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। कार में शराब के अवैध कार्टन भरे हुए थे।

# स्मैक तस्कर के साले से पांच लाख रुपये बरामद

**करौली, (नि.सं.)।** लांगरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्मैक के मामले में गिरफ्तार आरोपी धारासिंह मीणा की सूचना पर स्मैक सरगना कमल मीणा के मकान से अवैध स्मैक बिक्री से अर्जित पांच लाख रुपये बरामद किये।

लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसबाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन स्मैक आउट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी धारासिंह मीणा की इत्तला पर स्मैक सरगना कमल मीणा के मकान से अवैध स्मैक बिक्री से अर्जित पांच लाख रुपए बरामद किए हैं।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी स्मैक सरगना का साला है जो अपने साथियों सहित क्षेत्र में स्मैक कि पुड़िया बनाकर बिक्री करता है जिससे अर्जित 5 लाख रुपए कमल मीणा के घर से बरामद की है। उन्होंने बताया कि आरोपी धारा सिंह को मासलपुर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तार आरोपियों का स्मैक बिक्री क्षेत्र धौलपुर, करौली, जयपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर है जहां से आरोपियों के तार कोटा, बारा, झालावाड़ के तस्करों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया की कार्यवाही के दौरान स्वयं के नेतृत्व में कांस्टेबल विश्राम, जितेंद्र, महावीर और सरकारी वाहन चालक नरेंद्र साथ थे।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन सातवें दिन भी लगातार जारी

## अभिभाषक संस्था शाहपुरा के सभी अधिवक्ताओं का सात दिन से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी

**शाहपुरा/भीलवाड़ा, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा शाहपुरा जिला भंग करने के बाद से सातवें दिन भी संघर्ष जारी है। अधिवक्ताओं, जिला बचाओ समिति सदस्यों व आमजन ने शहर के त्रिमूर्ति चौराहा बाहरेठ स्मारक के बाहर राज्य सरकार व विधायक को सद्बुद्धि देने के लिए संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा के नेतृत्व में सद्बुद्धि यज्ञ किया। सद्बुद्धि यज्ञ में आमजन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और संघर्ष समिति के सदस्यों ने शाहपुरा जिले को समाप्त करने के सरकार के निर्णय का विरोध किया और नारेबाजी कर शाहपुरा को यथावत जिला बनाए रखने की मांग कर प्रदर्शन किया।

अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन बुधवार को सातवें दिन भी जारी रहा इसको आमजन का सहयोग लगातार मिल रहा है। अभिभाषक संस्था शाहपुरा के सभी अधिवक्ता सात दिन से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर शाहपुरा को जिला बनाए रखने के लिए आंदोलन में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने आंदोलन को और तीव्र करने के लिए पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रामप्रसाद जाट को सर्वसम्मति से संघर्ष समिति का संयोजक मनोनीत किया और गांव-गांव जाकर आमजन को जिले के फायदे बताकर जागरूक करने का आव्हान किया। जिला बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट ने शाहपुरा को जिला बनाए रखने के लिए शीघ्र ही गांव से शहर तक बड़ा आंदोलन करने की बात कहकर आगामी रणनीति की जानकारी दी।




अधिवक्ताओं, जिला बचाओ समिति के सदस्यों व आमजन ने सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ किया।

अभिभाषक संस्था सहसचिव कमलेश मुंडेतिया कहा कि विभिन्न समाज विभिन्न संगठन विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों से मिले समर्थन व सुझाव के अनुसार 28 तारीख ब्लैक डे के रूप में शाहपुरावासी मनाएंगे तथा जिला शाहपुरा का अस्तित्व जिले के दर्जे के रूप में देने की मांग को लेकर 28 जनवरी को रैली निकाल कर प्रदर्शन किया जाएगा। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि शाहपुर जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर नौ जनवरी को उपखंड कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन धरना दिया जाएगा। इस दौरान समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा, रामप्रसाद जाट, त्रिलोक चंद नौलखा, अनिल शर्मा, गजेंद्र प्रताप सिंह, नमन ओझा,अंकित शर्मा, कमलेश मुंडेतिया, विरेंद्र पत्रिया, प्रियेश सिंह यदुवंशी, अविनाश शर्मा, राकेश लोहार आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 9वें दिन भी धरना जारी रहा

## राजस्थान एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने धरने को समर्थन दिया

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में 9वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही, जहां रामकुमार यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य आगवाड़ी, गिरधारी धायल कुरबड़ा, बीरबल काजला पूर्व सरपंच चला, श्रीराम गुर्जर बुजीवाला, प्रकाश राजपुरिया, विनोद मैगोतिया, बजरंग लाल अग्रवाल मंडोली को माला पहनाकर धरना स्थल पर बैठाया गया। इन सभी ने नीमकाथाना जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा।

नीमकाथाना जिला कलेक्ट्रेट के सामने चल रही क्रमिक भूख हड़ताल के समर्थन में राजस्थान एनएसयूआई छात्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने नीमकाथाना पहुंचकर पहुंचकर भूख हड़ताल और धरने को समर्थन दिया। जाखड़ ने कहा कि आमजन में सरकार के फैसले के प्रति रोष व्याप्त है, इसको लेकर सीकर और नीमकाथाना की जनता सड़कों पर आंदोलन को मजबूर हो रही है। सरकार को जन कल्याण और क्षेत्र के विकास के पुनः जिले और संभाग की घोषणा करनी चाहिए अन्यथा छात्र संगठन हिंसक आंदोलन करेंगे। इस दौरान राजेन्द्र महरानिया, राकेश नटवाड़िया, अनिल तिडदिया सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।




नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में धरना लगातार जारी है।

नीमकाथाना जिला बचाने के लिए बुधवार को प्रगतिशील प्रजापति छात्रावास, ग्राम पंचायत नापावाली, एस.एफ.आई. कायकर्ता और ग्राम पंचायत दलेलपुरा तहसील खेतड़ी के लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर के कार्यालय तक रैली निकाल कर आक्रोश जताकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को समर्थन दिया। नीमकाथाना जिला हटाने से राजस्थान सरकार के खिलाफ धीरे-धीरे लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। गांव ढाणीयों में भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाकर नीमकाथाना को जिला को यथावत रखने के लिए भाजपा सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को देखकर क्षेत्रवासी जिला बचाओं संघर्ष समिति की तरफ धीरे-धीरे जुड़ रहे है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष रामगोपाल मैगोतिया, उपाध्यक्ष धन्नाराम सेफरागुवार, महासचिव पवन माधोगढ़, डॉ. सूर्यनारायण भटनागर, नवरंग, हरिप्रसाद, दिनेश शर्मा, रवि मंगल, बनवारी लाल चेतानी, सतीश मेगोतिया, जस्सू सिंह शेखावत, सुनिल शर्मा, ईश्वर जाट, महेन्द्र मुंडोतिया, विक्रम यादव, महावीर, राजू बन्ना, विजय जिंदल, ईद मोहम्मद, शिवम वर्मा, राहुल मेहरा, गोविन्द शर्मा, हीरालाल सैनी, मदनलाल सैनी, महेन्द्र यादव, कालूराम चेजारा, संदीप गुर्जर, विजेन्द्र, संजू गुर्जर, कृष्ण गुर्जर, महेश सैनी, सिप्पू गुर्जर ने 13 जनवरी को रामलीला मैदान में होने वाली विशाल महासभा में पहुंचने के लिए अपील की है।

■ **लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर के कार्यालय तक रैली निकाल आक्रोश जताया**

इस मौके पर हजारी कुमावत, विकास कुमावत, अमित कुमावत, शशी कुमावत, राजू कुमावत, नितेश कुमावत, सुनिल कुमार, रामजीलाल, कालूराम कुमावत, गोपाल सैनी कॉमरेड, जयदयाल शर्मा सिरोही, गिरधारी जाखड़, सुभाष जाखड़, कैप्टन रामनिवास ताखर, सरपंच प्रतिनिधि चरण सिंह, एसएफआई जिला सचिव विक्रम यादव, किरण सैनी, जितेन्द्र यादव, मोहित यादव, पूजा योगी, रविना, कशिश, सोनिया, पायल कंवर, मयंक शर्मा, विजेन्द्र जाखड़, राजेन्द्र चौधरी वकील चला सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।